भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 611 #

गुरूवार, 04 दिसंबर, 2025/13 अग्रहायण, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

उत्तराखंड में पर्यटन विकास

611 # श्री महेंद्र भट्टः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तराखंड में स्वदेश दर्शन योजना और प्रसाद योजना के अंतर्गत कितनी परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है तथा परियोजनाओं का स्वरूप और दायरा क्या है;

(ख) क्या सरकार, उत्तराखंड राज्य में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए राज्य में पर्यटन क्षेत्र में अन्य विकास परियोजनाओं पर विचार करने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) : पर्यटन मंत्रालय 'तीर्थस्थल कायाकल्प और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और स्वदेश दर्शन की अपनी जारी योजनाओं के माध्यम से उत्तराखंड सहित देश में पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

प्रशाद योजना के तहत, मंत्रालय ने चिह्नित तीर्थस्थलों पर पर्यटकों के आध्यात्मिक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए उत्तराखंड में 145.28 करोड़ रुपये की कुल स्वीकृत लागत से तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

स्वदेश दर्शन योजना के तहत, पर्यटन मंत्रालय ने उत्तराखंड में विभिन्न विषयों, अर्थात इको-परिपथ और विरासत परिपथ के तहत 145.49 करोड़ रुपये की कुल स्वीकृत लागत की दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

स्थायी एवं उत्तरदायी पर्यटन स्थलों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को 'स्वदेश दर्शन 2.0' (एसडी 2.0) के नाम से नया रूप दिया गया है। अभी तक, मंत्रालय द्वारा एसडी

2.0 के तहत उत्तराखंड में 37.75 करोड़ रुपये की कुल स्वीकृत लागत की दो परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत एक उप-योजना-'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इस उप-योजना का उद्देश्य हमारे पर्यटन स्थलों को स्थायी एवं उत्तरदायी स्थलों के रूप में परिवर्तित करके सभी पर्यटक वैल्यू चेन में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने हेतु गंतव्य का समग्र विकास करना है। इस उप-योजना के तहत, पर्यटन मंत्रालय ने उत्तराखंड में 27.58 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

प्रशाद और स्वदेश दर्शन योजना के तहत उत्तराखंड में पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख) और (ग): पर्यटक गंतव्यों और उत्पादों का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। मंत्रालय राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों के परामर्श से विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से पर्यटन अवसरंचना का विकास करके उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

इसके अलावा पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव की प्राप्ति एक सतत् प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशा-निर्देशों के संदर्भ में जांच के उपरांत ऐसी परियोजनाओं के लिए निर्धारित शर्तों के अनुपालन एवं निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

****

अनुबंध

श्री महेंद्र भट्ट द्वारा उत्तराखंड में पर्यटन विकास के संबंध में दिनांक 04.12.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 611 # के भाग (क) के उत्तर में **विवरण**

उत्तराखंड में प्रशाद योजना के तहत परियोजनाओं की सूची

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)**
i.	गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम में तीर्थस्थल अवसरंचना सुविधाओं का संवर्धन	54.36
ii.	केदारनाथ का एकीकृत विकास	34.77
iii.	बद्रीनाथ जी धाम में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए अवसरंचना विकास	56.15
	कुल लागत	**145.28**

उत्तराखंड में स्वदेश दर्शन योजना के तहत परियोजनाओं की सूची

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)**
i.	नए गंतव्य के रूप में टिहरी झील और आसपास के क्षेत्र के विकास हेतु इको-पर्यटन, साहसिक खेल और संबद्ध पर्यटन संबंधी अवसरंचना का एकीकृत विकास-जिला टिहरी	69.17
ii.	कुमाऊं क्षेत्र-कटारमल-जोगेश्वर-बैजनाथ-देवीधुरा में विरासत परिपथ का एकीकृत विकास	76.32
	कुल लागत	**145.49**

उत्तराखंड में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत परियोजनाओं की सूची

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)**
i.	पिथौरागढ़ के गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर अनुभव	17.86
ii.	चंपावत में टी गार्डन एक्सपीरियंस	19.89
	कुल लागत	**37.75**

उत्तराखंड में चुनौती आधारित गंतव्य विकास योजना के तहत परियोजनाओं की सूची

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)**
i.	जादुंग उत्सव मैदान	4.99
ii.	कैंची धाम परिसर का विकास	17.60
iii.	माना हाट	4.99
	कुल लागत	**27.58**

****